अली फजल और तापसी पन्नू नहीं करना चाहते अपनी फिल्म का प्रमोशन

हाल ही में फिल्म तड़का का गाना ऑनलाइन रिलीज किया गया है, जिसके बाद फिल्म के लीड ऐक्टर अली फजल ने मूवी के लिए प्रमोशन में कुछ पोस्ट करने की जगह गाने के रिलीज होने पर हैरानी जताई। उन्होंने बताया कि न सिर्फ फिल्म के प्रड्यूसर्स पर केस चल रहा है बल्कि क्रू और कास्ट को उनकी फीस तक नहीं मिली है। इस वजह से न तो वह और ना ही मूवी की ऐक्ट्रेस तापसी पन्नू इसका प्रमोशन करना चाहती हैं।

अली ने लिखा कि, मुझे जहां तक याद है फिल्म के प्रड्यूसर्स पर कोर्ट केस चल रहा है। चेक बाउंस हो गए हैं। ऐक्टर्स और क्रू को अभी तक फीस नहीं मिली है। मुझे हैरानी है कि इस सबके बावजूद मूवी का प्रमोशनल गाना जारी किया गया है ।

बता दें कि, इस सब को लेकर अली ने एक इंटरव्यू में भी बात की है। उन्होंने बताया कि क्रू के किसी भी साथी और सितारे को प्रड्यूसर्स ने पैसा नहीं दिया है। जब मूवी का आखिरी हिस्सा शूट के लिए बचा था तब सभी ने काम करने से मना कर दिया था। उस समय मेकर्स ने वादा किया था कि सभी को जल्द उनका पेमेंट मिल जाएगा, इसलिए वह शूटिंग पूरी कर दें।

अली को चेक मिला भी, लेकिन जब बैंक में उसे जमा करवाया गया तो वह बाउंस हो गया। इसके बाद प्रड्यूसर जतिश वर्मा ने अली को जल्द ही उनकी फीस देने की बात कही थी, लेकिन अब तक उन्हें कुछ नहीं मिला है। फजल ने बताया कि मूवी में उनकी को-स्टार और अच्छी दोस्त तापसी पन्नू भी इन सब वजहों से फिल्म का प्रमोशन नहीं करना चाहती हैं।

वहीं जतिश वर्मा ने इन आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि प्रमोशन के बाद किए जाने वाली लास्ट पेमेंट देना ही बाकी रहा है, इसके अलावा सारी फीस दे दी गई है। मूवी कब रिलीज की जाएगी इसे लेकर उन्होंने कहा था कि डेट अभी तक तय नहीं हो सकी है।

TAAPSEE

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

मैं सीता को पितृसत्ता की पीड़ित के रूप में नहीं देखती : शिव्या

टेलीविजन अभिनेत्री शिव्या पठानिया आगामी सीरियल राम सिया के लव कुश में सीता की भूमिका निभा रही हैं। उनका कहना है कि शो में उनकी भूमिका एक आज्ञाकारी पत्नी की है, लेकिन निश्चित रूप से वह उस युग के पितृसत्ता से पीड़ित नहीं है। बल्कि, उनका कहना है कि सीता को नई पीढ़ी से अधिक जोड़ा जा सकता है। शिव्या ने बताया, एक व्यक्ति के रूप में मैं लैंगिक बराबरी में भरोसा करती हूं, जो कि मुख्यत: किसी के द्वारा अपनी पसंद को चुनने की आजादी है। इसलिए मैं सीता को पितृसत्ता की पीड़ित के रूप में नहीं देखती। हमने इस शो में इस चरित्र को आधुनिक परिदृश्य में चित्रित किया है। शिव्या ने कहा कि पहले उन्हें लगा कि सीता दूसरी बार बनवास में क्यों गई, जिससे उनकी परिवार की खुशियां प्रभावित हुई।

शिव्या ने कहा, उसके बाद मैंने दूसरे परिपेक्ष्य को समझने की कोशिश की। उन्होंने खुद राम के साथ 14 साल के बनवास को चुना था। अगर सीता ने राम की पत्नी के नाते साथ जाना चुना तो यह चुनाव खुद उनका था। अयोध्या लौटने के बाद राम ने उनके चरित्र पर कभी सवाल नहीं उठाया, लेकिन इस समाज ने सवाल उठाया। चूंकि सीता एक रानी थी और अपनी प्रजा से प्यार करती थी, इसलिए उन्होंने उदाहरण स्थापित करने का फैसला किया और राजघराने की इज्जत वापस लौटाई। यही कारण है कि उन्होंने दूसरी बार बनवास जाना चुना। शिव्या अभिनय की दुनिया में आने से पहले साल 2013 में मिस शिमला चुनी गई थीं। उनका कहना है, हम राम और सीता की इसलिए पूजा नहीं करते, क्योंकि वे अयोध्या के राजा और रानी थे, बल्कि एक व्यक्ति के रूप में उनकी महानता और अपनी प्रजा के लिए किए गए बलिदान के कारण उनकी पूजा की जाती है। हम उनकी नैतिकता और असाधारण व्यक्तिव को प्राप्त करना चाहते हैं। राम सिया के लव कुश में कृष चौहान और हर्षित काबरा ने लव और कुश की भूमिका निभाई है, जबकि शिव्या और हिमांशु सोनी सीता और राम की भूमिका में हैं।

निकिता दत्ता की झोली में आई नेटफ्लिक्स की फिल्म

टीवी अभिनेत्री निकिता दत्ता को उनकी पहली नेटफ्लिक्स फिल्म मिली है जिसका नाम मस्का है और इसमें उनके साथ अभिनेत्री मनीषा कोइराला भी हैं. नेटफ्लिक्स जैसे चर्चित प्लेटफॉर्म में काम करने को लेकर निकिता काभी उत्साहित हैं. निकिता ने कहा, नेटफ्लिक्स की मस्का का हिस्सा बनकर उत्साहित हूं. इसमें कई सारे प्रतिभाशाली कलाकार हैं.

मनीषा कोइराला हमारे साथ हैं और उनके साथ हर दिन सीखने का एक महान अनुभव रहा है. मुझे इस प्रोजेक्ट का इंतजार है जो आपको विभिन्न व्यक्तियों के साथ भावनाओं के भंवर में लेकर जाता है. फिल्म के निर्देशक नीरज उडवानी हैं. फिल्म की कहानी एक ऐसे शख्स की है जो मूवी स्टार बनने का ख्वाब देखता है, लेकिन जब उसकी मुलाकात एक लड़की से होती है तो उसे सपने और भ्रम के बीच का अंतर पता चलता है एवं वह जिंदगी के उद्देश्य को बखूबी समझ पाता है. निकिता ने हाल ही में ब्लॉकबस्टर फिल्म कबीर सिंह में जिया के किरदार से दर्शकों का ध्यान खींचा. उनके टीवी करियर की बात करें तो निकिता टेलीविजन शो एक दूजे के वास्ते और हासिल में अपने काम के लिए भी जानी जाती हैं.